# ज़ुल्म के खिलाफ़ आवाज़

Postal Regd. No.:MNW/308/2016-

वर्ष : ०४ | अंक : ४८ | मुंबई, शुक्रवार, २ से ८ नवंबर २०१८ | RNI No. : MAHHIN/2014/59999 | पृष्ठ : ४ | मूल्य : २/- रुपये

## कुएं की सफाई के दौरान हादसा
## २ दमकल कर्मियों समेत ५ लोगों की मौत



**एम.आर.शेख**

**मुंबई,** मुंबई से सटे ठाणे में एक कुएं को साफ करने के दौरान दो दमकल कर्मियों समेत कुल ५ लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कुएं की सफाई के लिए सबसे पहले एक मजदूर इसके अंदर गया था। बाहर ना आने पर बाकी ४ लोग उसे बचाने के लिए कुएं के भीतर उतरे थे। इसी दौरान दम घुटने से सभी की मौत हो गई। ठाणे के अडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस प्रताप दिघावकर के मुताबिक, ठाणे के नेतीवली लोकग्राम इलाके में एक कुएं में बीते कुछ रोज से केमिकल युक्त पानी गिर रहा था। बुधवार को कुछ स्थानीय लोगों के साथ इसे साफ करने के लिए तीन मजदूरों को बुलाया गया था। इसी दौरान एक मजदूर कुएं में उतरा और काफी देर तक बाहर नहीं आया। इसके बाद दो अन्य मजदूर भी साथी को ढूंढने के लिए इस कुएं के अंदर उतरे। इसके बाद जब काफी देर बीत जाने पर यह लोग भी बाहर नहीं आए, तो स्थानीय लोगों ने किसी दुर्घटना की आशंका में दमकल को मामले की जानकारी दी।

**गैस के कारण दम घुटने की आशंका**

एसीपी के मुताबिक, सूचना के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन कर फिलहाल चार शवों को बाहर निकाला गया है। इसके अलावा पुलिस ने कुएं में गिरने वाले नाले के पानी का सैंपल लेकर इसे जांच के लिए भेजा है। एसीपी के मुताबिक प्रथम दृष्ट्या कुएं में नाले के पानी से इकट्ठा गैस से सभी मजदूरों का दम घुटने की आशंका जताई गई है, जिसके कारण कुएं के पानी को जांच के लिए भेजा गया है। इसके अलावा मृत चार लोगों के शव को कुएं से बाहर निकालकर इनके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

# पत्रकारों के हत्यारों को सजा दिलाने में पीछे भारत

**इस्माईल खान**

**न्यूयॉर्क.** पत्रकारों के हत्यारों को सजा दिलाने के मामले में भारत काफी पीछे है। अमेरिका की एक गैर-लाभकारी संस्था 'कमिटी टु प्रॉटेक्ट जर्नलिस्ट' (CPJ) की एक वैश्विक सूची में यह जानकारी सामने आई है। इस लिस्ट में उन देशों को शामिल किया गया है जहां पत्रकारों की हत्या की गई और मामलों की जांच अब भी लटकी हुई है। भारत को इस सूची में १४वें स्थान पर रखा गया है। चिंता की बात है कि यह लगातार ११वां साल है जब भारत को इस सूची में रखा गया है।



साल २०१८ के इंडेक्स में भारत सहित १४ देशों को शामिल किया गया है। इनमें सोमालिया, सीरिया, इराक, दक्षिणी सूडान, फिलिपींस, अफगानिस्तान, मेक्सिको, कोलंबिया, पाकिस्तान , ब्राजील, रूस, बांग्लादेश और नाइजीरिया भी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शीर्ष स्थान पर मौजूद सोमालिया में हालात में सुधार का दावा किया गया है जबकि १४वें स्थान पर मौजूद भारत के बारे में कहा गया है कि वहां हालात बिगड़े हैं और कुल १८ मामलों को अब तक सुलझाया नहीं गया है। वहीं, भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान में हालात में सुधार का दावा किया गया है।

ताजा रिपोर्ट १ सितंबर २००८ से ३१ अगस्त २०१८ के बीच पत्रकारों की हत्याओं के आंकड़े का विश्लेषण कर तैयार की गई है। इस इंडेक्स में सोमालिया पहले स्थान पर है जबकि दो देश- अफगानिस्तान और कोलंबिया फिर से शामिल किए गए हैं। अफगानिस्तान के काबुल में पत्रकारों के समूह को निशाना बनाते हुए आत्मघाती हमला किया गया था, जबकि कोलंबिया में मादक पदार्थों के तस्करों ने इक्वाडोर के पत्रकार का अपहरण कर हत्या कर दी थी।

## आखिर क्यों लिफ्ट में पुलिस के सामने उतारे थे कपड़े?
# अब मॉडल ने बताई उस रात की पूरी कहानी

**जाफर शेख**

**मुंबई,** इंटरनेट पर मुंबई की एक मॉडल का विडियो वायरल हो रहा है। इस विडियो में वह लिफ्ट में खड़ी पुलिस वालों को लौट जाने के लिए कह रही हैं। इसी विडियो में लिफ्ट का वॉचमैन भी दिखाई देता है जिससे साथ विवाद की शुरुआत बताई जा रही है। मॉडल ने #MeToo के साथ ट्विटर पर मुंबई पुलिस और विडियो में मौजूद अन्य लोगों पर कई आरोप लगाए थे। अब इस मामले में खुद मॉडल ने सामने आकर उस रात की पूरी कहानी बयां की है। मीडिया के सामने उस रात की आपबीती



बताते हुए मॉडल मेघा शर्मा ने कहा, 'उस रात मैं लिफ्ट वॉचमैन से सिगरेट खरीदकर लाने के लिए आग्रह कर रही थी। लेकिन उन्होंने कहा कि वह ड्यूटी पर हैं और वह सिगरेट खरीदने नहीं जा सकते। मैंने उनसे कहा कि आप किसी और वॉचमैन को बोल दें। पर, उन्होंने साफ मना कर दिया।'

मॉडल के मुताबिक उस वॉचमैन ने उन्हें एक सिगरेट वाले का नंबर दिया। मेघा शर्मा बताती हैं, 'देर रात (करीब १ बजे) के कारण शायद सिगरेटवाला सो रहा था। ऐसे में मैं खुद नीचे गई और सिगरेट खरीदकर लाई। सिगरेट लेकर जब मैं वहां पहुंची तो मैंने बहुत विनम्रता से वॉचमैन से कहा कि यहां तीन-चार लोग थे अगर कोई सिगरेट खरीदकर ला देता तो मुझे बाहर नहीं जाना पड़ता।'

शर्मा का आरोप है कि सिर्फ इतना ही कहने पर वह वॉचमैन उन पर बिगड़ गया। इतना ही नहीं वहां टहल रहे दूसरे वॉचमैन भी वहां जमा हो गए और सभी ने उन्हें अपशब्द और चरित्रहीन लड़की कहना शुरू कर दिया।

## अंबरनाथ के ऑनलाइन जुए पर ठाणे क्राइम ब्रांच का छापा

**उल्हासनगर :** अंबरनाथ स्टेशन के समीप विभिन्न लॉटरी कंपनियों के नाम पर बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे ऑनलाइन जुए के अड्डों पर ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने जुआ अड्डा संचालक सहित जुआ खेलने वाले कुल तेरह लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।



उल्हासनगर के हीरा मैरेज हॉल रोड पर गुजराती स्कूल के समीप स्थित जर्जर शीश महल इमारत के नीचे चल रहे ऑनलाइन जुए को अब तक पुलिस बंद करवाने में असमर्थ रही है। अहम बात यह है कि इसी इमारत के सामने भाजपा के शहर अध्यक्ष का कार्यालय भी है और हाल ही में वहां बीजेपी मुख्यालय बनाया गया है। बावजूद इसके यहां जुआ का अड्डा बना हुआ है।


अंबरनाथ के शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन की हद में क्राइम ब्रांच की टीम ने छापा मारकर शौकत अली शेख, सलाउद्दीन अब्दुल रहीम शेख, जावेद खान, संदेश म्हात्रे, अमन शेख, राकेश कुमार, विनय बागची और चैतन्य वेगुलकर को गिरफ्तार कर लिया। गेम किंग इंडिया क्लब की आड़ में चल रहे इस ऑनलाइन जुआ अड्डे के मालिक आंचल चौरसिया, रमेश चौरसिया, कैलास चौरसिया, एजेंट सलीम, राजू, संजय फरार बताए जा रहे हैं। क्राइम ब्रांच ने सभी आरोपियों पर ४२०, २९४, सह कलम ४ (१), ७ (३), ८, ९ लॉटरी रेगुलेशन ऐक्ट सह कलम के तहत मामला दर्ज किया है।







**मुंबई महानगर पालिका के/ईस्ट वार्ड के अंतर्गत जो भी महिला बचत गट है उन सबको एक्झिबिशन लगाने का मौका ०१.११.२०१८ को दिया गया, जिसमें जनसेवा महिला बचत गट भी शामिल हुआ.**


















## संपादकीय...

# काली दिवाली!

दिवाली की जगमगाहट इस बार फीकी पड़ चुकी है। महंगाई, जीएसटी और कानूनी नियमों के कारण व्यापारी हलाकान हैं। ग्राहक चुनिंदा शॉपिंग कर रहे हैं। दिवाली के दौरान मिलनेवाले रेडीमेड फराल (चकली, सेव, करंजी आदि) का बाजार भी नाम का रह गया है। कपड़ा बाजार के व्यापारी 'सेल' का बोर्ड लगाकर ग्राहकों को अपनी दुकान की ओर आकर्षित करने में जुटे हैं। ऑनलाइन शॉपिंग, दुकानों और फुटपाथों पर कपड़े का धंधा लगानेवाले व्यापारी भी छूट का लालच दिखा रहे हैं लेकिन ग्राहक हैं कि उस ओर झांक ही नहीं रहे। मिट्टी के दीए हों या जगमगाहट वाली लाइटिंग, सभी के व्यापारी परेशान हैं। 'ग्राहकी नहीं है', यही सुनने को मिल रहा है। दिवाली काली अमावस के दिन आती है लेकिन इस साल महंगाई के कारण व्यापारियों और ग्राहकों की दिवाली पर काली अमावस का प्रकोप दिख रहा है। ग्राहक खरीददारी करने कम जा रहे हैं। जो जा भी रहे हैं वे खरीददारी बहुत कम कर रहे हैं। व्यापारी तरह-तरह के डिस्काउंट और सस्ताई का दावा कर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, जिसमें वे असफल होते दिख रहे हैं।

**हर बाजार दिवाली में बेजार**

दिवाली में घरों में रौनक के लिए लगाई जानेवाली लाइटिंग का बाजार भी इस साल ठंडा है। क्रॉफर्ड मार्केट में तरह-तरह की लाइटिंग का व्यापार करनेवाले निशार भाई का कहना है कि पहले चाइना लाइटिंग की काफी मांग रहती थी। बाजार में व्यापारियों ने कुछ सालों से चाइना लाइटिंग का बहिष्कार किया है इसलिए इस बार मेड इन इंडिया के तहत लाइटिंग ऑर्डर देकर बनवाई थी लेकिन ग्राहक न के बराबर बाजार में दिखाई दे रहे हैं। इस बार दिवाली का बाजार पूरा चौपट हो गया है। ग्रांट रोड स्टेशन के बाहर भाजी मार्केट में मिट्टी का दीया बेचनेवाले संतोष परदेशी का कहना है कि बड़ी उम्मीद से मिट्टी के दीए का ऑर्डर इस बार दिया था। दीया तो कुंभार के पास से समय पर आ गया लेकिन ग्राहक समय से नहीं आ रहे हैं। दिवाली को कुछ ही दिन रह गए हैं पर जैसा धंधा होने को सोचा था, वैसा नहीं है। ग्राहक के पास पैसा ही नहीं है तो कहां से बाजार में आएंगे। इसी तरह बाजार में कंदील का व्यापार भी ठंडा पड़ गया गया है। कुछ साल पहले मार्केट, चौराहे पर कंदील का बाजार भरा रहता था लेकिन इस साल कहीं कंदील का नामों निशान नहीं है। कंदील विक्रेता सचिन चव्हाण ने बताया कि इस साल बांस की लकड़ियों से बना २०० कंदील तैयार किया है। एक कंदील का खर्च लगभग १०० रुपए पड़ा है। १५० रुपए प्रति नग बेच रहा हूं लेकिन कोई लेने को तैयार नहीं है। लगता नहीं है कि दिवाली तक सारा कंदील बिक जाएगा।

# बॉलीवुड समाचार



## राखी ने तनुश्री पर किया मानहानी का मुकदमा, मुआवजे के तौर पर की 25पैसे की मांग





**बॉलीवुड** अदाकारा राखी सावंत ने बुधवार को तनुश्री दत्ता के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कर, उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए २५ पैसे की मांग है. उन्होंने दावा किया कि तनुश्री ने उस साक्षात्कार में उनके बारे में आपत्तिजनक तरीके से बात की थी, जिसमें उन्होंने नाना पाटेकर पर वर्ष २००८ में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान बदसलूकी करने का आरोप लगाया था.

उपनगरीय मलाड स्थित एक दीवानी अदालत में मुकदमा दायर कर सावंत ने कहा कि वह दो दशक से फिल्म जगत का हिस्सा हैं और उन्होंने अपनी एक पहचान बनाई है. उन्होंने अदालत से तनुश्री को उनकी छवि धूमिल करने के २५ पैसे मुआवजा देने और 'प्रिंट, टेलीविजन और सोशल मीडिया' पर बिना शर्त माफी मांगने का आदेश देने की अपील की है. तनुश्री ने किया था १० करोड़ का मानहानि का केस इससे पहले नाना पाटेकर पर बदसलूकी और यौन शोषण का इल्जाम लगाने वाली अभिनेत्री तनुश्री दत्ता राखी सावंत पर १० करोड़ रुपये की मानहानी का? मुकदमा करने वाली हैं. ये जानकारी तनुश्री दत्ता के वकील नितिन सातपुते ने खुद को दी थी. गौरतलब है कि २००८ में 'हॉर्न ओके प्लीज' के सेट पर नाना पाटेकर के साथ हुए विवाद के बाद तनुश्री ने १० साल बाद नाना पाटेकर पर फिर से यौन शोषण करने का आरोप लगाया था. इसके बाद बॉलीवुड के बड़े-बड़े सितारों ने? इस मसले पर कमेंट करते हुए तनुश्री दत्ता और पूरे क्षशऊदद मूवमेंट को सपोर्ट किया था. लेकिन राखी सावंत ने? इस पूरे मसले पर अपनी राय रखने के लिए २९ सितम्बर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी और तनुश्री दत्ता पर निशाना साधा था.

## मिस इंडिया कॉन्टेस्ट में सुष्मिता सेन से हार गई थीं ऐश्वर्या राय, आखिरी राउंड में हुआ था टाइ



**२४** साल पहले विश्व सुंदरी का खिताब जीत चुकी ऐश्वर्या राय बच्चन ४४ साल की हो चुकी हैं। मिस वर्ल्ड का क्राउन पहनकर ऐश्वर्या ने पूरे विश्व में भारतीय सुंदरता का परचम लहराया। लेकिन जब इंडिया में ही १९९४ में फेमिना मिस इंडिया का कॉन्टेस्ट हुआ तब वे सुष्मिता सेन से महत .२ मार्क्स से हार गई थीं।

९.३३ मार्क्स पर टाइ : गोवा में हुई प्रतिस्पर्धा के दौरान ऐश और सुष को ९.३३ मार्क्स मिले थे। जजेस ने टाइ ब्रेक करने के लिए दोनों से एक-एक सवाल पूछा था। जिसमें ऐश्वर्या से पूछा गया - यदि आपको पति में गुणों की तलाश करनी है, तो द बोल्ड एंड ब्यूटीफुल के रिज फोरेस्टर और सांता बारबरा से मेसन कैपवेल में से किसे चुनेंगी? ऐश्वर्या ने जवाब दिया- मेसन, क्योंकि हम दोनों में बहुत सी चीजें समान है। मेसन का बहुत ही केयरिंग नेचर है, और उनका सेंस ऑफ ह्यूमर कमाल है।

सुष्मिता ने जीत लिया जजेस का दिल : सुष्मिता से पूछा गया- अपने देश की टेक्सटाइल हैरिटेज के बारे में क्या जानती हैं। यह कितना पुराना रहा है और आप क्या पहनना पसंद करती हैं? सुष ने जवाब में कहा- मुझे लगता है कि यह सब महात्मा गांधी की खादी से शुरू हुआ था। तब से यह एक लंबा सफर तय कर चुका है, लेकिन टेक्सटाइल हैरिटेज की मूल बातें वही से हैं।

ये भी थे मौजूद : उस दौरान कॉन्टेस्ट के होस्ट के तौर पर दिलीप ताहिल मौजूद थे। वहीं पूर्व मिस इंडिया प्रतिभागियों नम्रता शिरोड़कर, पूजा बत्रा और तरविंदर कौर भी स्टेज पर नजर आईं थीं।

## #MeToo पर बोलीं मलाइका, भारत में बदलाव से ज्यादा शोर-शराबा



**भारत** में #MeToo मूवमेंट का आगाज हो चुका है और यौन उत्पीड़न को झेल चुकीं कई महिलाओं ने इस बारे में खुलकर बोला है। इस अभियान ने सभी के लिए कार्यस्थल पर एक सुरक्षित माहौल प्रदान करने जैसे मुद्दे पर बहस को शुरू कर दिया है, लेकिन ऐक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का मानना है कि फिलहाल इस बारे में वास्तव में बदलाव आने के बजाय इसे लेकर शोर-शराबा ज्यादा है। मलाइका ने भारत में 'मीटू' मूवमेंट पर हो रही चर्चा व इससे आए बदलाव के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'मुझे ज्यादा बदलाव नजर नहीं आ रहा है। मैं लोगों की बातों को सुन रही हूं। मुझे लगता है कि बदलाव की जगह इसे लेकर शोरशराबा कहीं ज्यादा है।' हॉलिवुड में मीटू मूवमेंट का जबरदस्त असर दिखने के बाद तनुश्री दत्ता द्वारा ऐक्टर नाना पाटेकर पर फिल्म 'हॉर्न ओके' की शूटिंग के दौरान छेड़खानी करने का आरोप लगाने के बाद बॉलिवुड में भी इस मूवमेंट ने जोर पकड़ा और कई महिलओं ने अपनी दास्तां बयां की। कई बड़े नामों जैसे विकास बहल, चेतन भगत, गुरसिमरन खंबा, कैलाश खेर, रजत कपूर, आलोक नाथ, अनु मलिक और साजिद खान पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे।

## ये बॉलिवुड सिलेब्रिटीज होंगे प्रियंका-निक की शादी के मेहमान!

**बॉलिवुड** में शादियों का सीजन शुरू हो गया है। हाल ही में दीपिका और रणवीर ने सोशल मीडिया पर अपनी शादी का कार्ड शेयर करते हुए बताया था कि वे १४-१५ नवंबर को शादी करने जा रहे हैं। वहीं प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी दिसंबर में होने की उम्मीद है। वीकेंड पर ब्राइडल शावर के साथ प्रियंका और निक ने तो शादी का जश्न शुरू भी कर दिया है।

ऐसे में फैन्स को बॉलिवुड की दोनों बड़ी शादियों का इंतजार है। पिछले दिनों अनुष्का शर्मा और सोनम कपूर की शानदार शादी के बाद अब फैन्स की नजरें इन शादियों पर हैं। हर कोई उत्सुक है कि इन शादियों में कौन क्या पहनेगा।

शादी कहां होगी और कौन-कौन आएगा? कुछ दिन पहले ही खबर आई थी कि दीपिका की शादी में उनके घर वाले



सब्यसाची के कपड़े पहनेंगे। वहीं अब प्रियंका की शादी के गेस्ट लिस्ट के कयास लगाए जा रहे हैं। खबरों की मानें तो प्रियंका अपनी शादी में सलमान खान, आर्पिता खान, आलिया भट्ट, रनबीर कपूर, फरहान अख्तर, कटरीना कैफ, सिद्धार्थ रॉय कपूर समेत अन्य खास दोस्तों को बुला सकती हैं। हालांकि, सभी को निमंत्रण नवंबर के मध्य तक ही भेजा जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी का जश्न तीन दिन तक जोधपुर के उम्मेद भवन में मनाया जाएगा।

## प्रो कबड्डी लीग : गुजरात ने लगाई जीत की हैट्रिक, पटना पाइरेट्स की घर में हालत खराब

**कमजोर** डिफेंस के कारण खराब प्रदर्शन के दौर से गुजर रही मौजूदा चैम्पियन पटना पाइरेट्स को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के छठे सीजन के पटना लेग में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्टेडियम में मंगलवार को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा है. जबकि एक अन-?य मैच में जोरदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात फॉर्च्यूनजाएंट्स ने पुणेरी पलटन को ३७-२७ से हराकर जीत की हैट्रिक लगा दी .बहरहाल, वीवो-प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के छठे सीजन के पटना लेग में तेलगू टाइटंस ने मेजबान टीम ( पटना पाइरेट्स) को ५३-३२ से करारी शिकस्त दी.तेलुगू की छह मैचों में यह चौथी जीत है. अब उसके २१ अंक हो गए हैं और वह जोन-बी में शीर्ष पहुंच गया है. वहीं पटना को आठ मैचों में पांचवीं और लगातार तीसरी शिकस्त झेलनी पड़ी है. टीम १७ अंकों के साथ चौथे नंबर पर है.



दोनों टीमों के बीच पहले हाफ में बीच एक-एक अंक के लिए जबर्दस्त संघर्ष देखने को मिला. पहले १० मिनट तक ६-९ से पिछड़ने के बाद तेलुगू की टीम अगले कुछ मिनटों में १२-९ से आगे हो गई. पहले हाफ के आखिरी के मिनटों में विकास जागलान पटना को दूसरी बार आलआउट होने से नहीं बचा सके और तेलुगू ने २५-१७ से पहला हाफ अपने नाम कर लिया.दूसरे हाफ के पहले पांच मिनट में पटना २१-२९ तक के स्कोर पर आ गई थी. हालांकि, इस दौरान प्रदीप कुछ चोटिल भी दिखाई दिए. मैच समाप्त होने में सिर्फ १० मिनट ही बचे थे और पटना २३-३९ से पिछड़ चुकी थी. इसके बाद, उसके लिए वापसी करना बेहद मुश्किल हो गया और वह ३२-५३ से मैच गंवा बैठी. तेलुगू के लिए रेड मशीन राहुल चौधरी ने २० और विशाल भारद्वाज तथा नीलेश शालुंके ने सात अंक लिए. टीम ने रेड से २६, टैकल से १८, ऑलआउट से छह और तीन अतिरिक्त अंक हासिल किए. पटना की टीम ने रेड से २४, टैकल से छह और दो अतिरिक्त अंक जुटाए. टीम के लिए विकास जागलान ने नौ, प्रदीप और तुषार पाटिल ने चार-चार अंक अर्जित किए पहले हाफ में चार अंकों से आगे रहने के बाद दूसरे हाफ में जोरदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात फॉर्च्यूनजाएंट्स ने पटना लेग मैच में पुणेरी पलटन को ३७-२७ से हराकर जीत की हैट्रिक लगा दी. पिछले सीजन की उपविजेता गुजरात की पांच मैचों में यह लगातार तीसरी जीत है. अब उसके १९ अंक हो गए है और वह तीसरे नंबर पर पहुंच गया है .वहीं पुणेरी को ११ मैचों में यह पांचवीं और लगातार तीसरी शिकस्त झेलनी पड़ी है. इसके बावजूद टीम ३२ अंकों के साथ जोन-ए में शीर्ष पर है. पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्पलेक्स स्टेडियम में खेले गए मुकाबले के पहले हाफ में गुजरात ने अंक लेना शुरू किया, लेकिन पुणेरी ने वापसी की और पहले पांच मिनट तक वह ४-३ से आगे रहा .

पुणेरी ने एक समय ७-५ की बढत ले ली. गुजरात ने भी जोरदार खेल दिखाया और पहला हाफ १६-१२ से अपने नाम कर लिया.दूसरे हाफ में भी दर्शकों को शानदार मैच देखने को मिला. पहले पांच मिनट में गुजरात की टीम २१-१५ से आगे थी और आखिरी पांच मिनट पुणेरी के लिए करो या मारो वाला रहा जहां वह पिछड़ती चल गई. गुजरात ने अंतिम पांच मिनटों में छह अंक लेकर ३७-२७ से जीत की हैट्रिक लगा दी. गुजरात के लिए सचिन ने सर्वाधिक १० अंक लिए. उनके अलावा, महेंद्र राजपूत ने छह और रूतुराज ने चार अंक लिए. गुजरात ने रेड से १८, टैकल से १२ और ऑलआउट से चार और तीन अतिरिक्त अंक हासिल किए.पुणेरी की टीम ने रेड से १३ और टैकल से १३ अंक जुटाए. पुनेरी के लिए नितिन तोमर ने छह और रवि कुमार ने चार अंक अर्जित किए.

## बिग बॉस १२: श्रीसंत और जसलीन के बीच होगी कैप्टेंसी की टक्कर, आएगा ये नया ट्विस्ट

**रिएलिटी** शो 'बिग बॉस १२' में इस हफ्ते की लग्जरी बजट टास्क पूरी हो चुकी है. बिग बॉस ने हमेशा की तरह पहले ही साफ कर दिया था कि इस हफ्ते भी लग्जरी बजट टास्क का प्रभाव घर की अगली कैप्टेंसी पर पड़ेगी. साथ ही बिग बॉस ने लग्जरी बजट टास्क के लिए घर में आए शिल्पा और विकास भी अब वापस जा चुके हैं. लेकिन मेकर्स दीवाली वीक को स्पेशल बनाने के लिए एक और नया ट्विस्ट लेकर आए हैं.





घर में कैप्टेंसी टास्क का संचालक करने के लिए बिग बॉस ने सीजन ९ की सेकेंड रनरअप रहीं एक्ट्रेस सना खान को घर में बुलाया है. सना को कैप्टेंसी टास्क के लिए संचालन की जिम्मेदारी दी जाएगी. वहीं बात अगर घर के कैप्टेंसी की करें तो लग्जरी बजट टास्क के बाद इस बार दावेदारी का मौका वुल्फ पैक क्लब के हाथ लगा है.

बिग बॉस से जुड़ी हुई खबरें देने वाले ट्वीटर हैंडल की मानें तो इस बार कैप्टेंसी की टक्कर श्रीसंत और जसलीन के बीच होने वाली है. इतना ही एक ट्वीट से मालूम चला है कि इस बार कैप्टेंसी टास्क का नाम 'बिग बॉस क्लॉथ शॉप' रखा गया है. इस टास्क के लिए सना खान को क्लॉथ शॉप का मालिक बनाया गया है, जबकि श्रीसंत और जसलीन को कम से कम दाम में इस शॉप से कपड़े खरीदने का काम दिया गया है. श्रीसंत और जसलीन में से जो भी कंटेस्टेंट कम से कम दाम में कपड़े खरीदने में कामयाब होगा, वह घर का नया कैप्टन बन जाएगा.

## कमला मिल अग्निकांड

# पब मालिकों की जमानत अर्जियां खारिज



**शाईस्ता शेख**

**मुम्बई,** बंबई उच्च न्यायालय ने मध्य मुम्बई के कमला मिल परिसर में पिछले साल दिसंबर में आग लगने से जलकर राख हुए दो रेस्तराओं के मालिकों की जमानत अर्जियां बृहस्पतिवार को खारिज कर दीं। इस घटना में १४ लोगों की जान चली गयी थी और कई अन्य घायल हो गये थे। न्यायमूर्ति प्रकाश नाईक ने बृहस्पतिवार को मोजो बिस्त्रो के मालिक युग पाठक और १ अबव पब के मालिकों -- कृपेश सांघवी , जिगर सांघवी और अभिजीत मानकर के जमानत आवेदन खारिज कर दिये। ये चारों आरोपी जनवरी में गिरफ्तार किये गये थे और फिलहाल वे न्यायिक हिरासत में हैं।

फरवरी में पुलिस ने दोनों रेस्तराओं के मालिकों, कमला मिल परिसर के मालिक और बृहन्मुम्बई महानगरपालिका के अधिकारियों समेत १२ आरोपियों के खिलाफ अपना आरोपपत्र दायर किया था। उन पर गैर इरादतन हत्या, दूसरों की जान खतरे में डालकर उन्हें गंभीर चोट पहुंचाने से संबंधित धाराओं समेत विभिन्न प्रासंगिक धाराएं लगायी गयी हैं। अप्रैल में उच्च न्यायालय ने मोजो बिस्त्रो के सह मालिक युग तुली को जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। मई में उच्च न्यायालय ने कमला मिल परिसर के मालिकों- रमेश गोवानी और रवि भंडारी को जमानत दे दी थी और कहा था कि उन्हें रेस्तरां मालिकों की हरकत के लिए जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता।

## व्यापम आरोपी से कांग्रेस ने किया किनारा

**भोपाल:** व्यापम घोटाले के आरोपी गुलाब सिंह किरार को राहुल गांधी के सामने कांग्रेस में शामिल कराने वाले मध्य प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने अब उनको पार्टी में लेने से ही इनकार कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस की मीडिया प्रभारी शोभा ओझा का कहना है कि गुलाब सिंह किरार ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलने आए थे, लेकिन उन्हें पार्टी में नहीं लिया गया है। राहुल गांधी की दो दिन की कड़ी मेहनत पर पानी फेरने के बाद कांग्रेस के नेता न केवल मुंह छिपा रहे हैं, बल्कि एक-दूसरे पर दोषारोपण भी कर रहे हैं। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी २९-३० अक्टूबर को मध्य प्रदेश के मालवा-निमाड़ इलाके के दौरे पर थे। ३० अक्टूबर को इंदौर में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा से जुड़े ३ नेताओं को राहुल के सामने कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इनमें तेंदूखेड़ा से भाजपा विधायक संजय शर्मा और दतिया जिले से विधायक रहे कमलापत आर्य के अलावा मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रहे गुलाब सिंह किरार भी शामिल थे। राहुल के सामने किरार को पार्टी में लिए जाने से हड़कंप मच गया। किरार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे गुलाब सिंह किरार शिवराज सिंह के करीबी तो रहे हैं, लेकिन व्यापम घोटाले के आरोपी भी हैं। जैसे ही यह जानकारी प्रदेश के अन्य नेताओं को हुई, उन्होंने विरोध किया।

## शोरूम का मैनेजर चार लाख रूपये लेकर फरार

**भिवंडी :** भिवंडी में सियाराम कंपनी के शोरूम का मैनेजर अक्टूबर महीने के २२ दिन की बिक्री का तीन लाख ९८ हजार ६६६ रूपये मुख्य शाखा में जमा करने के बजाय उसे लेकर फरार हो गया। जिसके विरुद्ध भिवंडी शहर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## ऑनलाइन जुए पर ठाणे क्राइम ब्रांच का छापा

**उल्हासनगर :** अंबरनाथ स्टेशन के समीप विभिन्न लॉटरी कंपनियों के नाम पर बड़े पैमाने पर चलाए जा रहे ऑनलाइन जुए के अड्डों पर ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने छापामार कार्रवाई की। पुलिस ने जुआ अड्डा संचालक सहित जुआ खेलने वाले कुल तेरह लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

## फायरिंग करने वाले दो शूटर गिरफ्तार

**भिवंडी :** गोदाम निर्माण में हुए विवाद को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ठाणे जिला ग्रामीण के उपाध्यक्ष राजेश उर्फ बीजू गायकर के ऊपर गोलीबारी करने के मामले में पडघा पुलिस ने दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार करके उन्हें न्यायालय में हाजिर किया। न्यायालय ने उन्हें दो नवंबर तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इस घटना के वे मुख्य षडयंत्रकारी अब भी फरार हैं, जिन्होंने भाजपा नेता राजेश गायकर की हत्या करने के लिए सात लाख रुपये की सुपारी दी थी।

## १३ करोड़ की ठगी में दो डायरेक्टर गिरफ्तार

**मुंबई :** दादर पुलिस ने साढ़े १३ करोड़ रुपये की ठगी में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो डायरेक्टरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मीनल उमरेणा और वैशाली सावलकर रीयल बिल्डकॉन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड से जुड़े हुए हैं। पुलिस को इस केस में एक और डायरेक्टर आनंद कदम, उसकी पत्नी व दो एजेंटों संतोष विश्वकर्मा और तनुजा विश्वकर्मा की तलाश है।

## संघ ने कांग्रेस को याद दिलाया पुराना वादा

**मुंबई:** भाईंदर के पास उत्तन में स्थित रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में अयोध्या में राम मंदिर का मुद्दा प्रमुख रहा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने इसका उद्?घाटन किया। इसके बाद आरएसएस ने कांग्रेस को देश की जनता से १९९४ में किया गया वादा याद दिलाया

## ५५ वर्षीय एक बुजुर्ग को वाहन चालक ने टक्कर मार आरोपी फरार

**मुंबई :** कोपरखैरणे पुलिस के अंतर्गत हुए सड़क हादसे में ५५ वर्षीय एक बुजुर्ग को सोमवार को किसी अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बुजुर्ग को घटनास्थल पर ही छोड़ फरार हो गया।

## मुंब्रा बाइपास ने ली एक और जान

**मुंब्रा :** पिछले देढ़ महीने में मुंब्रा बाइपास पर कई बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें ८ लोगों की जान जा चुकी है। मंगलवार को रात १० बजे के करीब बाइपास पर हुए एक ऐक्सिडेंट में अमित गुलाब पाटील (२८) की मौत हो गई। अमित शिल रोड के फडके पाड़ा गांव का रहने वाला था। वह ज्यूपिटर नाम की नई बाइक पर सवार मुंब्रा बाईपास से अपने घर की ओर जा रहा था, तभी लाल किला ढाबे के पास किसी नामालूम ट्रक ड्राइवर उसे ठोकर मार कर फरार हो गया।

## प्रेमी ने नाबालिग प्रेमिका से किया दुष्कर्म

**पालघर :** घोलवड पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक प्रेमी ने नाबालिग प्रेमिका के साथ दुष्कर्म किया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब प्रेमिका ७ महीने की गर्भवती हो गई। मंगलवार की शाम पीड़िता ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस धारा ३७६,(२)आई, पोक्सो ४ के तहत मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## बिस्किट के चक्कर में ३१ लाख रूपये गंवाए

**कल्याण :** डोंबिवली में एक व्यापारी को ३ लोगों ने सस्ते सोने का बिस्कुट देता हूं कहकर ३१ लाख लेकर चलते बने व्यापारी ने डोंबिवली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## साड़ी के लालच में गंवाई एक लाख की जूलरी

**वसई:** महात्मा फुले नगर इलाके में शनिवार दोपहर ७० वर्षीय वृद्धा ने एक साड़ी के लालच में अपनी एक लाख रुपये की जूलरी गवां दी। प्रमिला सन्त गिरी शनिवार दोपहर १ बजे माणिकपुर पेट्रोल पंप के पास से घर जा रही थी। तभी रास्ते में उसे दो अज्ञात लोगों ने रोका और बताया कि उनके सेठ को काफी साल बाद लड़का हुआ है। सेठ इस खुशी में महिलाओं को साड़ी बांट रहे हैं। उन्होंने महिला से कहा कि अगर वह भी साड़ी चाहती है, तो उसे गरीब दिखना होगा। इसके बाद उनके कहने पर अपने जेवर उन्हें दे दिए। जूलरी हाथ आते ही दोनों भाग गए।

# केडीएमसी में शिवसेना भाजपा में तू-तू, मैं-मैं




**कल्याण,** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (केडीएमसी) की स्थायी समिति में बुधवार को शिवसेना और भाजपा नेताओं के बीच जमकर

तू-तू, मैं-मैं हुई। स्थायी समिति के पूर्व सभापति और शिवसेना नेता रमेश म्हात्रे ने वर्तमान सभापति और भाजपा नेता राहुल दामले पर मीटिंग के अजेंडे का दस्तावेज फेंक कर मारा। इसके बाद दामले ने म्हात्रे के खिलाफ कल्याण के बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। बुधवार को केडीएमसी मुख्यालय में स्थायी समिति की मिटिंग चल रही थी। इस मीटिंग में शिवसेना के रमेश म्हात्रे ने आरोप लगाया कि मनपा अधिकारी गलत तरीके से प्रस्ताव पेश करते हैं। उन्होंने कहा मनपा के अधिकारी कामचोर हैं और नगरसेवकों को भ्रमित करते हैं। उन्होंने स्थायी समिति के सभापति राहुल दामले पर कामचोर अधिकारियों का समर्थन करने का आरोप लगाया। इसके बाद दामले और म्हात्रे के बीच खूब कहासुनी हुई और मामला तू-तड़ाक तक पहुंच गया। इसी बीच म्हात्रे ने स्थाई समिति का अजेंडा फाड़कर राहुल दामले की तरफ फेंका। हंगामे की बीच ही दामले ने स्थायी समिति की मीटिंग को खत्म कर दिया और म्हात्रे के खिलाफ बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

विवाद की वजह

बुधवार को हुई स्थाई समिति की बैठक में हंगामे की वजह २००८ में गैमन इंडिया लिमिटेड को दिया गया एक ठेका था। म्हात्रे ने आरोप लगाया कि १० साल बाद भी काम पूरा नहीं हुआ है। जबकि ठेकेदार कंपनी को ४७ करोड़ में से ४३ करोड़ भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी का नाम बदलकर बिल दिया जा रहा है, म्हात्रे के इन आरोपों के बीच ही सभापति राहुल दामले ने मीटिंग खत्म करने का ऐलान कर दिया।

इस पर म्हात्रे आक्रामक हो गए और उनके हाथ में जो एजेंडा था उसको फाड़ कर राहुल दामले की तरफ फेंक दिया और मीटिंग खत्म किए जाने के फैसले पर विरोध जताते हुए सभागृह से बाहर चले गए। इसके बाद राहुल दामले ने बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में जाकर रमेश म्हात्रे के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई।

# अब राशन की दुकानों पर मिलेगा आयोडीन युक्त नमक




**मुंबई,** सरकार राशन की दुकानों पर अब आयोडीन युक्त नमक १४ रुपये किलो की दर से बेंचेगी। यही नमक बाजार में २४ से २५ रुपये किलो में बिक रहा है। प्रयोग के तौर पर इस योजना की शुरूआत नागपुर में की गई थी, जिसे अब पूरे राज्य में लागू किया जा रहा है। राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरक आपूर्ति विभाग व टाटा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में राज्य में डबल फोर्टिफाइड शुद्ध नमक की आपूर्ति करने के लिए पहल की गई है। अब तक सरकार गेहूं, चावल, तेल, शक्कर के अलावा कई और खाद्य वस्तुएं बेचती है। हाल ही में सरकार ने राशन की दुकानों से चना और उड़द दाल बेचने का निर्णय लिया था। अब टाटा का आयोडीन युक्त नमक भी राशन की दुकान पर बिकेगा। बुधवार को गिरगांव स्थित चितपावन ब्राह्मण संघ सभागृह में राज्य के खाद्य एवं नागरी आपूर्ति मंत्री गिरीश बापट ने नागरिकों को आयोडीन युक्त नमक बांटने का काम शुरू किया। इस मौके पर बापट ने कहा कि खाने में नमक एक पौष्टिक घटक है। स्वास्थ्य के लिए आयोडीन युक्त नमक की आवश्यक होती है। भारत के स्वास्थ्य सर्वे के अनुसार ६ महीने से ५ वर्ष तक के बच्चों को आयोडीन की कमी के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी के मद्देनजर लौह एवं आयोडीन युक्त शुद्ध नमक प्रति किलो १४ रुपये के दर से उपलब्ध कराया जा रहा है। नागरिकों में आयोडीन एवं लोह की कमी से अनिमिया के साथ-साथ कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती है। उन्होंने कहा कि खाने में लौह एवं आयोडीन की कमी दूर करने के लिए राज्य सरकार के खाद्य एवं नागरी आपूर्ति विभाग और टाटा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में राज्य में डबल फोर्टिफाईड शुद्ध नमक की आपूर्ति करने के लिए पहल की गई है।

# वृत्त मंत्रालय ने रिजर्व बैंक से कहा जनहित से नहीं करेंगे समझौता

**नई दिल्ली:** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के साथ रिश्ते खराब होने के बीच सरकार ने कहा है कि वह केंद्रीय बैंक की स्वायत्तता का सम्मान करती है, लेकिन केंद्रीय बैंक को कुछ शर्तें भी माननी होंगी। सरकार ने कहा कि वह जनहित और अर्थव्यवस्था से जुड़े मामले आरबीआई के सामने उठाती रहेगी। गवर्नर उर्जित पटेल के भविष्य को लेकर लग रही अटकलों के बीच केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा है, 'आरबीआई कानून के दायरे में रिजर्व बैंक की स्वायत्तता जरूरी है और इसका सम्मान भी किया जाता रहा है। सरकार और रिजर्व बैंक जनहित और भारतीय अर्थव्यवस्था की जरूरतों को ध्यान में रखकर काम करते हैं।' इससे केंद्र ने यह संकेत दिया है कि वह रिजर्व बैंक के साथ रिश्तों में जनहित और अर्थव्यवस्था से समझौता नहीं करेगा।




इससे पहले यह खबर आई थी कि सरकार ने निर्देश देने के लिए आरबीआई कानून की उन शक्तियों का इस्तेमाल किया है, जिनका पहले कभी प्रयोग नहीं किया गया था। सरकार के बुधवार को आए बयान से शेयर बाजार ५५० अंक उछला। हालांकि इसका मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि सरकार और रिजर्व बैंक का झगड़ा खत्म हो गया है।

सरकार के जिन तीन पत्रों की वजह से आरबीआई के डेप्युटी गवर्नर विरल आचार्य ने पिछले शुक्रवार को सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा था कि अगर आरबीआई की स्वायत्तता से समझौता होता है, तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। सरकार पत्रों में लिखी बातों के सार्वजनिक होने से भी नाराज है। उसने कहा है कि हमने इन मुद्दों पर आरबीआई के साथ बातचीत को सार्वजनिक नहीं किया।

**कोर्ट का था सुझाव कर्ज पर टकराव**

सेक्शन ७ का पहले कभी इस्तेमाल नहीं हुआ था। हालांकि इस साल अगस्त में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सरकार से कहा था कि बैड लोन नॉर्म्स में ढील देने के लिए वह आरबीआई के साथ बातचीत करके इसके तहत निर्देश दे सकती है। कर्ज से दबी बिजली कंपनियों के मामले में हाई कोर्ट ने अपनी तरफ से राहत देने से इनकार करते हुए यह सुझाव दिया था।

हमारे सहयोगी प्रकाशन इकनॉमिक टाइम्स ने ३१ अक्टूबर को खबर दी थी कि सरकार आरबीआई कानून के सेक्शन ७ (१) का सहारा ले रही है। उसने पिछले कुछ हफ्तों में रिजर्व ट्रांसफर, प्रॉम्प्ट करेक्टिव ऐक्शन (पीसीए) फ्रेमवर्क और लिक्विडिटी (कैश) मैनेजमेंट को लेकर कम से कम तीन पत्र रिजर्व बैंक को भेजे थे। इन तीनों मुद्दों को लेकर हाल में दोनों के बीच टकराव बढ़ा है।

आरबीआई के साथ हमारी समय-समय पर कई मसलों पर विस्तृत बातचीत होती है। इनमें केंद्र कई मुद्दों पर अपनी बात रखता है और उनके संभावित उपाय सुझाता है। सरकार यह काम करती रहेगी।

# 'परीक्षा के समय २४ घंटे खुला रहे परीक्षा भवन'

**मुंबई :** शिक्षा राज्य मंत्री रविंद्र वायकर ने विद्यार्थी संगठनों की तरफ से मुंबई विश्वविद्यालय के खिलाफ लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लिया है। उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय प्रशासन को परीक्षा के समय दिन-रात परीक्षा भवन खोले रखने का निर्देश दिया है। साथ ही, उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन में बढ़ोतरी और इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने को लेकर मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। राज्य मंत्री ने कहा, 'अगर उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन सही तरीके से नहीं हो रहे हैं, तो विश्वविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करे। विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हो रही खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'बुधवार को विश्वविद्यालय के कालीना परिसर में राज्यमंत्री ने विभिन्न शिकायतों को लेकर एक बैठक बुलाई। उसमें कुलपति डॉ. सुहास पेडणेकर, रविंद्र कुलकर्णी, कुलसचिव, परीक्षा निदेशक सहित कई अधिकारी और विद्यार्थी संगठन के प्रतिनिधि मौजूद थे। यहां विद्यार्थी संगठनों ने परीक्षा के कामकाज को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन की पोल खोल दी। इसके बाद मंत्री ने जिस तरह से निर्देश देना शुरू किया, अधिकारियों के चेहरे की हवाइयां उड़ गई। वायकर ने कहा, 'जिस तरह से अधिवेशन के समय विधान भवन और मंत्रालय में दिन-रात काम होते हैं, उसी तरह परीक्षा के समय



विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षा भवन को दिन-रात खुला रखें। परीक्षा के समय परीक्षा भवन में संबंधित विषयों के प्राध्यापकों और अन्य अधिकारियों की नियुक्ति करें।' विश्वविद्यालय में ऑनलाइन मूल्यांकन के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्मूल्यांकन कराने वाले विद्यार्थियों की संख्या में इजाफा हुआ है। पुनर्मूल्यांकन में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उत्तीर्ण भी हो रहे हैं। विद्यार्थी संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्यमंत्री का ध्यान पुनर्मूल्यांकन में अंकों में बढ़ोतरी और नतीजे घोषित होने में देरी की वजह से कई विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा और विदेश जाने के अवसर गंवाने की ओर भी खींचा। इस पर राज्यमंत्री ने कहा, 'परीक्षा होने के बाद उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन करने में कोई गलती होती है, तो जो भी इसके लिए दोषी है, विश्वविद्यालय उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करे। पुनर्मूल्यांकन के लिए विद्यार्थी जो शुल्क जमा करते हैं, वह राशि दोषी व्यक्ति के वेतन से काटकर विद्यार्थियों को वापस करें। इसके अलावा परीक्षा में किसी तरह की लापरवाही सामने आती है, तो विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार उस पर तुरंत कार्रवाई हो।' विश्वविद्यालय का ४० करोड़ रूपये संलग्नता शुल्क बाकी

राज्यमंत्री ने बताया कि पिछले कई वर्षों से मुंबई विश्वविद्यालय के कई कॉलेजों ने संलग्नता शुल्क नहीं जमा किए हैं। यह राशि ४० करोड़ रुपये हैं। जो कॉलेज संलग्नता शुल्क नहीं भर रहे हैं, उन्हें विश्वविद्यालय नोटिस भेजे, इसपर भी अगर कॉलेज शुल्क नहीं भरते हैं, तो उनकी मान्यता रद्द करे। विश्वविद्यालय से ७५० से अधिक कॉलेज संलग्न हैं। इसके लिए बड़ी संख्या में मानव संसाधन की जरूरत होती है, इसके बावजूद सरकार ने जितनी नौकरियों की अनुमति दी है, उसमें कहीं ज्यादा पद रिक्त हैं। वायकर के मुताबिक, विश्वविद्यालय में प्राध्यापक से लेकर अन्य विभाग तक ५३ फीसदी पद रिक्त हैं।

## पाकिस्तान आतंक का सबसे बड़ा घर: रिपोर्ट

**लंदन,** एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने दुनिया में सीरिया से तीन गुना ज्यादा आतंकवाद फैलाया है और मानवता के लिए कहीं ज्यादा खतरनाक है। दुनिया के सबसे खतरनाक आतंकी संगठन या तो पाकिस्तान में हैं या पाकिस्तान से उन्हें मदद मिल रही है। स्टडी में लश्कर-ए-तैबा और अफगान तालिबान को मानवता और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी और स्ट्रटीजिक फोरसाइट ग्रुप (एसएफजी) की साझा स्टडी में ये दावे किए गए हैं। 'ह्यूमनिटीरिस्क : ग्लोबल टेरर थ्रेट इंडिकेंट' नाम की स्टडी में दुनियाभर में सक्रिय २०० आतंकी समूहों का विश्लेषण किया गया। इससे पता चला कि आतंकी कैंपों और उनके सुरक्षित पनाहगाह वाले देशों की लिस्ट में पाकिस्तान टॉप पर है।

# देश में बिजनस करना अब और आसान

**मुंबई:** ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में भारत के ऊंचे स्थान के पीछे कंस्ट्रक्शन परमिट में सुधार का बड़ा हाथ माना जा रहा है। कंस्ट्रक्शन परमिट हासिल करने की श्रेणी में भारत १८१ वें स्थान से ५२ वें स्थान पर पहुंच गया, इसका फायदा ओवरऑल रैंकिंग के सुधार में मिला। इस श्रेणी में तमाम सुधारों में दिल्ली ने मुंबई को पीछे छोड़ दिया। बीएमसी के ६० दिनों में परमिट मिलने के दावे के विपरीत वर्ल्ड बैंक ने परमिट की अवधि को ९९ दिन माना, जबकि दिल्ली में यह ९१ दिन मानी गई। यानी औसत ९४.८ दिन रहा। बीएमसी की ८ तरह की प्रक्रियाओं के बजाय वर्ल्ड बैंक ने २० तरह की प्रक्रियाओं को माना। दिल्ली के औसत के साथ प्रक्रिया १७.९ रही। विश्व बैंक की पिछले साल की कारोबार सुगमता रैंकिंग में भारत ३० पायदान की छलांग के साथ १००वें स्थान पर पहुंच गया था। यह एक वर्ष के अंतराल में भारत द्वारा लगाई गई सबसे बड़ी छलांग थी। इसमें १९० देशों को रैंकिंग दी जाती है। नरेंद्र मोदी सरकार के २०१४ में सत्ता में आने के समय भारत की रैंकिंग १४२ थी। पीएम ने आने वाले सालों में भारत को शीर्ष ५० देशों की खास सूची में शामिल करने का लक्ष्य दिया है। कारोबार शुरू करना, कंस्ट्रक्शन परमिट, बिजली कनेक्शन हासिल करना, कर्ज हासिल करना, टैक्स भुगतान, सीमा-पार कारोबार, अनुबंध लागू करना और दिवाला मामले के निपटान पर आधारित होती है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनस रैंकिंग में भारत की २३ पायदान की छलांग देश में बिजनस करना अब और आसान हो गया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनस रैंकिंग में भारन्त ने लगातार दूसरे साल लंबी छलांग लगाई है। विश्व बैंक की ओर से जारी सूची में भारत ने २३ पायदान के सुधार के साथ ७७वां स्थान हासिल किया है। भारत पिछले साल १००वें स्थान पर रहा था। पिछले दो सालों में भारत की रैंकिंग में कुल ५३ पायदान का सुधार आया है। भारत ने इस साल छह अहम मानदंडों में सुधार किया है।

# फिर तेज होगा मराठा आरक्षण आंदोलन



**शाईस्ता शेख**

**मुंबई,** मराठा क्रांति मोर्चा (एमकेएम) के एक नेता ने बुधवार को घोषणा की है कि १६ नवंबर से शुरू हो रहे 'समुदाय संपर्क कार्यक्रम' के जरिए मराठा समुदाय के लोग एक बार फिर से महाराष्ट्र में आरक्षण की मांग को तेज करेंगे। राजनीतिक रूप से प्रभावशाली मराठा अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में १६ प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं। राज्य में मराठा समुदाय की आबादी ३० प्रतिशत है। महाराष्ट्र सरकार ने सितंबर में बॉम्बे हाई कोर्ट से कहा था कि राज्य का पिछड़ा वर्ग आयोग मराठा समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर १५ नवंबर तक रिपोर्ट तैयार कर सकता है। आरक्षण की मांग तेज करने और मराठा समुदाय में इसको लेकर जागरूकता फैलाने के लिए 'संवाद यात्रा' राज्य के प्रत्येक राजस्व प्रभाग में लोकतांत्रिक तरीके से निकाली जाएगी। एमकेएम की कोर कमिटी ने बुधवार को सरकार पर मोर्चा के अभियान को विफल करने के लिए 'फूट डालो राज करो' की नीति अपनाने का आरोप लगाया। कोर कमिटी के सदस्य संजीव भोर-पाटिल ने कहा, 'मराठा क्रांति मोर्चा का आंदोलन समुदाय के लिए आरक्षण (नौकरियों और शिक्षा में) सहित अपनी मांगों पर निर्णायक दिशा में आकार ले रहा है।' उन्होंने कहा कि यात्रा का लक्ष्य मराठा समुदाय के सदस्यों के साथ संवाद स्थापित करना और युवकों को आत्महत्या जैसे बड़े कदम उठाने से रोकना है। समुदाय के इस साल जुलाई में किए आंदोलन के दौरान राज्य में कई स्थानों पर हिंसा भी हुई थी। मराठा आरक्षण की मांग को लेकर इस साल जुलाई से अगस्त के बीच करीब आठ लोगों ने आत्महत्या की थी।

# तीन हजार आरोपियों की जमानत होगी रद्द

**आसिफ खान**

**मुंबई।** सुत्रो से मिली जानकारी फर्जी जमानत कराने वालो के केस में नया मोड़ आ गया है। जांच अधिकारियों को ऐसे ३००० अपराधियों का नाम पता चला है जो फर्जी जमानतदार खड़ा कर जेल से बाहर आए है। अब मुंबई क्राइम ब्रांच इन सभी की जमानत रद्द करने के लिए कोर्ट में अर्जी देने वाली है। इस केस की जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार जमानतदारों से पूछताछ में पता चला कि इन्होंने मुंबई में सेशन कोर्ट के अलावा महाराष्ट्र के २० मेट्रोपोलिटन कोर्ट से जुड़े केसों में आरोपियों को जेल से बाहर निकाला।

डीसीपी दिलीप सावंत ने बताया कि इन मेट्रोपोलिटन कोर्ट्स में कुर्ला, दादर, किला कोर्ट, गिरगांव, ठाणे, कल्याण, बेलापुर और वाशी के नाम प्रमुख हैं। डीसीपी ने कहा कि अदालतों से जुड़े जिम्मेदार लोगों को लिखा गया है कि चूंकि आरोपियों ने उनके साथ धोखाधड़ी की है, इसलिए अदालतें भी इस केस में शिकायतकर्ता बनें। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी के अनुसार, मुंबई में ५४ सेशन कोर्ट हैं। हालांकि सभी की डायरी एक है।

चूंकि सेशन कोर्ट में संगीन अपराध से जुड़े केस आते हैं, जिनमें अपराध साबित होने पर ७ साल की सजा हो सकती है। पता चला है कि जो आरोपी फर्जी तरीके से जेल से बाहर आए, उनमें से एक ने कांदिवली में एक की हत्या की कोशिश की थी, जबकि दूसरे की पॉक्सो ऐक्ट के तहत गिरफ्तारी हुई थी।

**परिवार की डिटेल पुलिस के पास**

आरोपियों ने चूंकि जेल से बाहर आने के लिए फर्जी जमानतदारों के दस्तावेज कोर्ट में जमा किए, इसलिए एक आशंका थी कि शायद जमानत पर बाहर आए आरोपी पुलिस को आसानी से न मिलें। लेकिन क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने कहा कि ऐसे आरोपियों को फिर से पकड़ना उनके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं है। इस अधिकारी का कहना है कि जब हम किसी आरोपी को गिरफ्तार करते हैं, तो उसके परिवार के लोगों और दोस्तों का भी पूरा डिटेल लेते हैं। हम परिवार के ऐसे लोगों के जरिए हर आरोपी को ट्रेस कर लेंगे।

## नई गिरफ्तारियां संभव

**पिछले शुक्रवार को क्राइम ब्रांच की यूनिट-वन ने ८ आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जो उन आरोपियों से संपर्क करते थे, जिन्हें कोर्ट ने जमानत तो दे दी होती थी लेकिन उन्हें जमानतदार नहीं मिलते थे। बाद में ऐसे आरोपियों से ५० से ७० हजार रुपये लेकर उनके लिए फर्जी जमानतदार तैयार कर दिए जाते थे। चूंकि जमानतदारों का पुलिस वेरिफिकेशन भी जरूरी होता है, इसलिए आरोपियों ने फर्जी पुलिस इंस्पेक्टर भी बना लिए थे। वे फर्जी सिग्नेचर कर कोर्ट को अपनी रिपोर्ट दे देते थे। क्राइम ब्रांच ने इस केस में कई और गिरफ्तारियों के संकेत दिए हैं।**



# पुरोहित, प्रज्ञा समेत सभी ७ पर आतंकी साजिश का आरोप

**जाफर शेख**

**मुंबई,** २००८ मालेगांव ब्लास्ट मामले में कर्नल पुरोहित और साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी ७ आरोपियों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोर्ट द्वारा आतंकी साजिश और हत्या के आरोप तय किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई २ नवंबर को होगी। इससे पहले सोमवार को बॉम्बे हाई कोर्ट ने विस्फोट के मामले में आरोपी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ निचली अदालत द्वारा आरोप तय करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। उधर, साध्वी प्रज्ञा ने इसे साजिश बताते हुए कहा, 'पहले एनआईए ने मुझे क्लीन चिट दे दी थी। अब मेरे खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। यह कांग्रेस की साजिश थी, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि मैं निर्दोष साबित होऊंगी क्योंकि सच्चाई की हमेशा जीत होती है।'

बता दें कि एनआईए ने कर्नल पुरोहित समेत सभी आरोपियों पर आतंकी साजिश रचने, हत्या और तमाम दूसरे अपराधों के तहत आरोप तय किए हैं। पुरोहित इस मामले के ७ आरोपियों में से एक हैं। हाई कोर्ट ने एनआईए के वकील संदेश पाटिल को मामले की अगली सुनवाई की तिथि २१ नवम्बर तक पुरोहित की अर्जी का एक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। हाई कोर्ट ने निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगाने का पुरोहित का अनुरोध अस्वीकार कर दिया। हाई कोर्ट ने की पीठ ने कहा था कि पूर्व में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों ने ही इस मामले की सुनवाई में तेजी लाने का निर्देश दिया था।

आरोप तय करने की प्रक्रिया ऐसी प्रक्रिया होती है जिसके बाद किसी आपराधिक मामले में निचली अदालत में मुकदमा शुरू होता है। वर्तमान मामले में एनआईए की विशेष अदालत द्वारा पुरोहित और अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया मंगलवार को शुरू हो गई है।

बता दें कि उत्तर महाराष्ट्र के मालेगांव में २९ सितम्बर २००८ को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल पर बंधे विस्फोटक सामग्री में विस्फोट होने से ७ व्यक्तियों की मौत हो गई थी और १०० से अधिक लोग घायल हो गए थे। पुरोहित के अलावा मामले में अन्य आरोपियों में प्रज्ञा सिंह ठाकुर, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, समीर कुलकर्णी, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी और सुधाकर चतुर्वेदी शामिल हैं।

मालेगांव ब्लास्ट, जानें कब-क्या हुआ

- २९ सितंबर, २००८ में मालेगांव में एक बाइक में बम रख विस्फोट किया गया था। इस हमले ७ लोग मारे गए थे और १०० से ज्यादा घायल हुए थे।

-सरकार ने मामले की जांच एटीएस को सौंप दी। जांच में 'अभिनव भारत' संस्था का नाम आया।



- २४ अक्टूबर, २००८ को इस मामले में स्वामी असीमानंद, कर्नल पुरोहित सहित और साध्वी प्रज्ञा सिंह को गिरफ्तार किया गया था। तीन आरोपी फरार दिखाए गए थे। बाद में यह जांच एनआईए को सौंप दी गई थी।

- जुलाई, २००९ में स्पेशल कोर्ट ने सभी आरोपियों पर मकोका लगा दिया था।

- जुलाई २०१० में बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुनवाई में सभी आरोपियों पर मकोका जारी रखने का फैसला सुनाया था।

-एनआई ने ३१ मई २०१६ को नई चार्जशीट फाइल की थी। इसमें रमेश शिवाजी उपाध्याय, समीर शरद कुलकर्णी, अजय राहिरकर, राकेश धावड़े, जगदीश महात्रे, कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित, सुधाकर द्विवेदी उर्फ स्वामी दयानंद पांडे सुधाकर चतुर्वेदी, रामचंद्र कालसांगरा और संदीप डांगे के खिलाफ पुख्ता सबूत होने की बात कही गई थी। इसके अलावा साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, शिव नारायण कालसांगरा, श्याम भवरलाल साहू, प्रवीण टक्कलकी, लोकेश शर्मा, धानसिंह चौधरी के खिलाफ मुकदमा चलाने लायक पुख्ता सबूत नहीं होने का दावा किया था।

-मई २०१६ में कर्नल पुरोहित और साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और कई अन्य आरोपियों ने खुद को इस मामले से बरी करने की याचिका दाखिल की थी।


- २५ अप्रैल, २०१७ को बॉम्बे हाई कोर्ट ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को सशर्त जमानत दे दी थी।

-२३ अगस्त २०१७ को कर्नल पुरोहित भी जमानत के बाद जेल से रिहा हो गए थे।

- २७ दिसंबर अप्रैल, २०१७ को सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया और मकोका को हटाने का निर्देश दिया था।

-३० अक्टूबर २०१८- कर्नल पुरोहित, साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी ७ पर आतंकी साजिश और हत्या के आरोप तय किए गए।

# हाशिमपुरा कांड: दिल्ली HC ने १६ दोषी जवानों को उम्रकैद की सुनाई सजा, ४२ लोगों की हुई थी हत्या



**मेरठ:** दिल्ली हाईकोर्ट ने तीस हजारी कोर्ट का फैसला बदलते हुए मेरठ के हाशिमपुरा में १९८७ में हुए नरसंहार में सभी १६ आरोपी पीएसी के जवानों को उम्रकैद की सजा सुनाई है. मेरठ के हाशिमपुरा में साल १९८७ में ४२ लोगों की गोलीमार के हत्या कर दी गई थी. प्रादेशिक आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी (पीएसी) के १६ पूर्व जवानों को हत्या, अपहरण, आपराधिक साजिश तथा सबूतों को नष्ट करने का दोषी करार दिया.

बता दें कि साल २१ मार्च २०१५ को निचली अदालत ने इस मामले में १६ आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था. जिसके बाद निचली अदालत द्वारा हत्या तथा अन्य अपराधों के आरोपी १६ पुलिसकर्मियों को बरी करने के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी. वहीं दोषी करार दिए गए पीएसी के सभी १६ जवान सेवानिवृत्त हो चुके हैं.

दिल्ली हाईकोर्ट में मारे गए मुस्लिम युवकों के परिवारों की तरफ से, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य के तरफ याचिका दायर की गयी थी. वहीं इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने ६ सितंबर को मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. अब हाईकोर्ट ने फैसले को पलट दिया है. गौरतलब हो कि यह मामला पहले उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद की अदालत में चल रहा था.


## मॉडल, कलाकार, हेल्पर की जरूरत है

CINE, T. V. ARTISTS AND WORKERS ASSOCIATION (REGD.)



अच्छे मियाँ

कार्ड भी बनाकर दिया जाएगा... कार्ड की कीमत २५००/-

(Regd. No. A.L.C. -17-10174 Under Trade Union Act, 1926 With Government of Maharashtra)
Heena Arcade,Shop No16, S. V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai-102
Tel. : 022-66989738 - 9220541108/ 08433238738

New Huma Caterers ®

Jogeshwari

★ We Have No Branch ★

Mohd. Salim
9820710325 / 9967865102
9867868339 / 26790046

: Address :
Shop No. 1, Old Ghaswala Stable, Next to Syndicate Bank, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102.

Web.: www.newhumacaterers.com
E-mail : newhumacaterers@gmail.com


# बाल कलाकार राशी, हिन्दी फ़िल्म 'रामराज्य' में





राशी एक बाल कलाकार, हिंदी फीचर फिल्म 'रामराज्य' में नायक अमन सिंह के बाल रूप में हैं, जिसमे वो गुरुकुल में गुरु गोविंद नामदेव से शिक्षा प्राप्त कर के 'रामराज्य' की स्थापना होती है। इस फ़िल्म की शूटिंग झारखंड के बोकारो स्टील सिटी में ७० प्रतिशत हुई है, शेष रांची शहर में, एवं अभी मुम्बई में चल रही है। फ़िल्म के निर्माता प्रबीर सिन्हा, फ़िल्म का निर्माण 'ली हीलियस फिल्म्स' के बैनर तले हुआ है, इस के निर्देशक रविकांत, कैमरा सुजीत, सहनिर्माता नितेश राय एवं ई पी राकेश राय हैं।

फ़िल्म की कहानी एक ऐसे इंसान के इर्दगिर्द घूमती है, जिसे जन्म से ही लकी माना जाता है, और जो हर किसी के लिए लकी चार्म साबित होता है, क्योंकि गुरुकुल में बचपन की अवस्था में, गुरु की शिक्षा की वजह से, बाद में वही कई दिक्कतों का मुकाबला करके किस तरह से रामराज्य स्थापित करता है, यही इस फ़िल्म में दर्शाया जा रहा है।


फ़िल्म के कलाकारों में अमन सिंह, शोभिता राणा, सलमान शेख, राजेश शर्मा, मनोज बख्शी एवं मुश्ताक खान और गोविंद नामदेव हैं।


TAUHEED KHAN
8879027789 / 7666779287

Taufeek Caterers

Moghlai, Chinese, Vegetarian Pulav Mutton, Biryani, Mutton Korma, Chicken Korma, Dalgosht, Akhmi Pulav, Khichda, Zam Zam Pulav, Tandoori Akkha Bakra, Halwa, Falooda & All Types Food Made on Order

Prem Nagar, Eidgah Maidan Road, Opp. Babu Ration Shop, Behind Lucky Hotel, Jogeshwari (E), Mumbai 400 060.







Riyaz (Graphics Designer)
96198 36535
72085 31550
Email: shaikharts2015@gmail.com

Shaikh Arts & Advertising

GRAPHICS DESIGNING | Wedding Cards
Screen & Offset Printing | Visiting Cards
Letter Head & Bill Book | Scanning & Email
Flex & Vinyl Printing | Computerized Typing हिन्दी मराठी اردو عربی | Brochure
Passport Online | Menu Cards

Aluminum Composite Panel, Acrylic - Letters, Signboard, Steel Brass Letters & LED works done here.

Authorized Agent All over India Railway Ticket Booking

E/29, Grace Plaza Shopping Center, Opp. Saabri Masjid, S.V. Road, Jogeshwari (W), Mumbai - 400 102. Email: riyazshaikh2011@gmail.com


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - असगर अमीन शाह द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 3-4 अमीन इंड. इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, जवाहर नगर फाटक ब्रिज के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063 से मुद्रित कर रुम नं. जी-16, अमीन पारसी चाल, एस. वी. रोड, जोगेश्वरी (पश्चिम), मुंबई-400102 से प्रकाशित संपादक-असगर अमीन शाह